पद संदर्भ संख्या - BIRAC/VAC/103/Nov-2023-CON

<table>
<tr><td colspan="2">
पद : वरिष्ठ सलाहकार-प्रारंभिक चरण वित्त पोषण

कुल पद : 01 (एक) पद कोड : CON-32

अवधि : यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है तथा विभागीय आवश्यकता एवं कार्य प्रदर्शन के आधार पर नवीनीकरण किया जा सकता है।

समेकित शुल्क : वरिष्ठ सलाहकार हेतु समेकित शुल्क 1,25,000/-रुपये प्रति माह होगा।

कार्य विवरण : बाइरैक देश में बायोटेक उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने में सक्षम है। सलाहकार को एसपीईडी टीम के साथ काम करने और राष्ट्रीय स्तर पर बायोटेक क्षेत्र में नवाचार एवं उद्यमिता विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा सुदृढ़ करने में योगदान देने का अवसर मिलेगा। सलाहकार बायोटेक स्टार्टअप्स हेतु इक्विटी निवेश का प्रबंधन और सुविधा प्रदान करेंगे।

रिपोर्टिंग : वरीष्ठ सलाहकार को मुख्य रूप से संबंधित कार्यक्रम प्रमुख के साथ मिलकर कार्य करना होगा तथा वह अनिवार्य रूप से अध्यक्ष-एसपीईडी को रिपोर्ट करेंगे।
</td></tr>
<tr><td>
<u>मुख्य उत्तरदायित्व</u> :
▪ इन्क्यूबेशन सेंटर नेटवर्क के माध्यम से स्टार्टअप, एसएमई को शुरुआती चरण की फंडिंग के लिए बाइरैक इक्विटी फंड योजना कार्यान्वयन का प्रबंधन करने के लिए एक टीम के रूप में काम करना।
▪ इनक्यूबेटर पार्टनर्स और स्टार्टअप पोर्टफोलियो प्रबंधन के साथ समन्वय करना।
▪ संक्षिप्त एवं सुलिखित विश्लेषणात्मक व्यवसाय एवं तकनीकी दस्तावेज़ तैयार करना।
▪ निवेश के लिए बायोटेक स्टार्टअप डील प्रवाह और लक्ष्य प्राप्ति का विश्लेषण करना।
▪ निवेशित स्टार्टअप पोर्टफोलियो रिपोर्ट प्रबंधन।
▪ प्रारंभिक चरण के बायोटेक स्टार्टअप के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना और निवेशक समूह का विस्तार करना। निवेश को आकर्षित करने के लिए निवेशक मंचों, स्टार्टअप इंटरैक्शन का आयोजन करना, सक्रिय रूप से आशाजनक स्टार्टअप की दृश्यता बनाए रखना।
</td><td>
<u>अनिवार्य योग्यता</u> :

सीए/अर्थशास्त्र/वित्त/व्यवसाय प्रशासन/निवेश, इक्विटी फंड प्रबंधन से संबन्धित विषय में परास्नातक।

<u>वांछनीय योग्यता :</u>

जीवन विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में स्नातक डिग्री या अधिक।
उत्तम लेखन एवं मौखिक संचार दक्षताएं।
<u>अनुभव</u> : अधिमानतः वेंचर फंड, पारिवारिक कार्यालय, कंपनी मूल्यांकन, वित्तीय उचित परिश्रम, पंजीकृत वैकल्पिक निवेश फंड के लिए सेबी अनुपालन की समझ के लिए इक्विटी निवेश को संभालने में; जो स्टार्टअप, एसएमई पारिस्थितिकी तंत्र से परिचित है, में 5 वर्ष के न्यूनतम अनुभव के साथ 11 से 19 वर्ष का अनुभव

बायोटेक क्षेत्र संबंधी ज्ञान को एक अतिरिक्त योग्यता के रूप में ग्रहण किया जाएगा। ।
</td></tr>
</table>

▪ नए निवेशों के लिए उचित परिश्रम कार्य के संचालन की सुविधा प्रदान करना और तकनीकी, रणनीतिक एवं बाजार विश्लेषण पर टीम को सहायता प्रदान करना। ▪ सलाहकार समिति, चयन समितियों और हितधारकों के साथ इंटरफ़ेस। ▪ आवधिक विश्लेषण रिपोर्ट और रणनीतिक दस्तावेज़ तैयार करना, कमियों की पहचान करना और पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए कार्रवाई योग्य समाधान प्रस्तुत करना। ▪ डेटा प्रबंधन और गतिशील रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल प्रबंधित करना; लाभार्थियों/आकांक्षियों के प्रश्नों का समाधान करना। ▪ आंतरिक, वैधानिक एवं सीएजी लेखा परीक्षकों के साथ समन्वय तथा समय पर इनपुट प्रदान करना और लेखा परीक्षा टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया तैयार करना। ▪ निर्बाध सहयोग के माध्यम से टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान करना। ▪ पद से संबंधित कोई अन्य कर्तव्य जो आवश्यकता पड़ने पर संगठनात्मक प्रबंधन योजना से उत्पन्न हो। ▪ आवश्यकतानुसार घरेलू यात्रा करना।	<u>अधिकतम आयु :</u> रिक्ति की अंतिम तिथि तक अधिकतम 50 वर्ष।